**समस्या** | पानी की टंकी और फिल्टर प्लांट होने बाद भी ग्रामीणों को नही मिल रहा लाभ

## पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत छिंदा के ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, ग्राम पंचायत भालापानी के छिंदा गांव में पेयजल संकट लगातार विकराल होता जा रहा है। नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी और फिल्टर प्लांट चार साल बाद भी ग्रामीणों को राहत नहीं दे सके हैं। लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई इस योजना का लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है।**



हालात यह हैं कि गांव के अधिकांश परिवार बिजली बंद होने पर करीब तीन किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में नल-जल योजना के तहत सभी आवश्यक कनेक्शन किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। लगभग एक वर्ष पहले पानी की टंकी में पहली बार पानी भरा गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद टंकी में लीकेज हो गया। इसके बाद जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। इतना ही नहीं, टंकी के नीचे बनाए गए फिल्टर प्लांट में भी लीकेज होने से पूरी योजना अधर में लटक गई है। इस मामले को लेकर सरपंच सहित ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने और पेयजल व्यवस्था बनाने की गुहार लगाई है।

### घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी योजना

गांव के लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण करोड़ों की महत्वाकांक्षी योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब रही, जिसके चलते टंकी और फिल्टर प्लांट दोनों ही उपयोग के योग्य नहीं रह गए। कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग और ठेकेदार ने समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया।

### जल स्रोतों की स्थिति बदतर

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक भी सरकारी कुआं नहीं है। जो सरकारी बोर है, वह भी निजी जमीन पर स्थित होने के कारण उसका समुचित उपयोग नहीं हो पाता। गांव में चार हैंडपंप हैं, लेकिन सभी लंबे समय से बंद पड़े हैं। ऐसे में पेयजल का कोई भरोसेमंद सरकारी स्रोत उपलब्ध नहीं है। लगभग 1400 की आबादी वाला यह गांव वर्षों से मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर सरपंच ग्रामीणों के साथ संबंधित अधिकारियों से मिले और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों ने निर्माण कार्य में लापरवाही की है, उनके खिलाफ जांच कर दोष तय किया जाए तथा शीघ्र मरम्मत कर योजना को चालू कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है।

## कफ सिरप कांड: दो एमआर को मिली जमानत

### अन्य आरोपी अभी जेल में, जमानत के लिए कर रहे प्रयास

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, परासिया के बहुचर्चित कफ सिरप कांड में आरोपी एमआर सतीश वर्मा और शैलेश सिंह पांड्या को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। सतीश वर्मा को 26 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था, जबकि शैलेश सिंह पांड्या की गिरफ्तारी नवंबर 2025 में हुई थी। दोनों पर आरोप है कि इन्होंने कथित रूप से जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के प्रचार-प्रसार, सप्लाई और डॉक्टरों तक प्रिस्क्रिप्शन नेटवर्क बनाने में शामिल थे।**

इस मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और ड्रग विभाग ने संयुक्त रूप से की थी। जांच में दवा निर्माण, सप्लाई और डॉक्टरों तक पहुंचाने के नेटवर्क में कई लोगों की भूमिका सामने आई थी। इस चर्चित मामले में अब तक डॉक्टर, मेडिकल एजेंसी संचालक, फार्मा कंपनी से जुड़े लोगों सहित कई आरोपियों के नाम सामने आ चुके हैं। मुख्य आरोपी के रूप में डॉ. प्रवीण सोनी का नाम सामने आया था। इसके अलावा ज्योति सोनी, सौरभ जैन, राजेश सोनी, सतीश वर्मा, शैलेश सिंह पांड्या समेत अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया। जांच एजेंसियों ने अलग-अलग चरणों में सभी की गिरफ्तारी की थी। परासिया कोर्ट में जमानत सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सतीश वर्मा की भूमिका को गंभीर बताते हुए कहा था कि वह श्रीसन फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव था और कंपनी तथा मुख्य आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता था।

### चिकित्सकों को आर्थिक लाभ देने के मिले थे सबूत

अभियोजन के अनुसार, आरोपी के घर से जब्त रजिस्टर में चिकित्सकों को उपहार और आर्थिक लाभ दिए जाने के उल्लेख मिले थे। दावा किया गया था कि इन लाभों के बदले संबंधित दवाइयों के प्रिस्क्रिप्शन बढ़ाने के संकेत भी जांच में सामने आए। अभियोजन ने यह भी तर्क दिया था कि सतीश वर्मा करीब 28 वर्षों से कंपनी से जुड़ा था और उसे कंपनी में मानक प्रयोगशाला सुविधाओं की कमी की जानकारी थी। इसके बावजूद वह कथित रूप से कफ सिरप की बिक्री और प्रिस्क्रिप्शन बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।

## कुएं में डूबने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, देहात थाना क्षेत्र के बारंगा खुर्द गांव के रहने वाले युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वह शराब का आदि था। बकरी चराने के दौरान भी वह षराब के नषे में था।**

जानकारी अनुसार गोलू पिता कारू मर्सकोले उम्र 40 साल बारंगा खुर्द गांव का रहने वाला है। वह सोमवार की दोपहर बकरी चाराने गया था। शाम को पांच बजे करीब उसका छोटा भाई राजू उसे देखने पहुंचा। बकरियां वहां चर रही थी, लेकिन गोलू नहीं दिखा। उसने आवाज देकर उसे बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद वह आसपास ढूढने लगा। उसे कुएं के पास चप्पल दिखाई दी। जैसे ही उसने कुएं में देखा, वह उतरा रहा था। इस बात की सूचना तत्काल पुसिल को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया।

## कमलनाथ की पहल से पेंचवेली एक्सप्रेस में बढ़े दो अतिरिक्त कोच

### पूर्व मुख्यमंत्री ने 8 जून को रेल मंत्री को पत्र लिखकर कोच बढ़ाने किया था आग्रह

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा को रेल मार्ग से प्रदेश के महानगरों व जिलों के साथ ही देश की राजधानी दिल्ली से भी जोड़ा है।**

उन्होंने यात्रियों की असुविधा को गम्भीरता से दृष्टिगत रखते हुए रेल मंत्री को 8 जून 2026 को एक अहम पत्र लिखा था, जिसमें पेंचवेली एक्सप्रेस में आवश्यकता अनुसार कोच बढ़ाने का आग्रह किया है, ताकि यात्रियों का सफर



सस्ता व सुलभ हो सके। परिणामस्वरूप पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन में दो अतिरिक्त कोच बढ़ाए जा चुके हैं। कमलनाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 143 में उल्लेख किया था कि छिन्दवाड़ा-भोपाल रेल मार्ग पर संचालित पेंचवेली एक्सप्रेस इस क्षेत्र के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय रेल सेवा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन के माध्यम से यात्रा करते हैं। विशेष रूप से छिन्दवाड़ा, नर्मदापुरम एवं भोपाल के मध्य आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन प्रमुख साधन के रूप में स्थापित हो चुकी है। यात्रियों द्वारा इस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की जाती रही थी। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि मेरे संज्ञान में आया है कि इस ट्रेन में एसी कोच की संख्या यात्रियों की मांग की तुलना में पर्याप्त नहीं है, साथ ही स्लीपर श्रेणी में भी अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता है। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एसी कोच तथा अतिरिक्त स्लीपर कोच उपलब्ध कराने से बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी साथ ही रेल यात्रा अधिक सुविधाजनक बन सकेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, तामिया थाना क्षेत्र के बेलखेडी गांव का रहने वाला युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार वदन सिंह पिता फौजा उइके उम्र 45 साल बेलखेड़ी का रहने वाला है। वह बाइक से किसी काम से जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बेटे की मौत: निष्पक्ष जांच के लिए महिला ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, परासिया तहसील अंतर्गत ग्राम विषखान निवासी श्रीमती सेवती परतेती ने अपने बेटे आनन्द परतेती की मौत के मामले में निष्पक्ष और दोबारा जांच कराने की मांग की है।**



उन्होंने बताया कि उनके पुत्र आनन्द परतेती पिता महेश परतेती की मृत्यु 11 मार्च 2026 को हुई थी। 12 मार्च 2026 को उसका शव पेड़ से लटका मिला, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर मामले को आत्महत्या बताया गया। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है। शिकायत के अनुसार, जिस स्थान पर घटना हुई वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन पुलिस ने न तो कैमरों की जांच की और न ही मामले की गंभीरता से पड़ताल की। श्रीमती परतेती का आरोप है कि पुलिस ने उनसे दबाव बनाकर अपनी बात के अनुसार आवेदन लिखवाने और हस्ताक्षर कराने की कोशिश की तथा कहा कि ऐसा करने पर ही उनके बेटे का मोबाइल और अन्य सामान लौटाया जाएगा। उनका यह भी कहना है कि पुलिस ने केस बंद कर दिया, लेकिन अब तक मोबाइल और अन्य सामान उन्हें नहीं सौंपा गया है। पीड़िता का आरोप है कि घटना स्थल के आसपास रहने वाले कई ग्रामीणों को मामले की जानकारी है, लेकिन पुलिस ने उनसे भी पूछताछ नहीं की।

## करंट लगने से एक युवक की मौत दूसरा घायल

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, लावाघोघरी थाना क्षेत्र के बेलखेड़ा गांव के रहने वाले युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वही दूसरा युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। जिसका इलाज किया जा रहा है।**

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अनोज पिता मंगलू उम्र 35 साल बेलखेड़ा गांव का रहने वाला है। वह सोमवार की षाम खेत में ट्रेंक्टर चला रहा था। इस दौरान बिजली का तार ट्रेक्टर पर गिर गया। इससे दोनों युवक करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में अनोज की मौके पर ही मौत हो गई। वह उसका साथी गंभीर रूप से झुलस गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## नाबालिग बच्चों ने बालिका के साथ किया बेड टच

### बहला फुसलाकर ले गए थे सुनसान स्थान पर, सात को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 30 जून, शहर के महिला थाना क्षेत्र में सात साल की एक बच्ची के साथ बैड टच का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने बच्ची के साथ यह हरकत करने के आरोप में 9, 10 और 11 साल की उम्र के सात नाबालिगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।**

घटना सोमवार 29 जून की है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के पास एक सामाजिक कार्यक्रम में गई थी। इस दौरान वहां मौजूद कुछ नाबालिग बच्चे उसे बहला-फुसलाकर पास ही एक मकान के पीछे सुनसान जगह पर ले गए। आरोप है कि वहां बच्चों ने उसके साथ बैड टच किया। घटना के बाद बच्ची काफी डरी-सहमी हालत में घर पहुंची। उसने रोते हुए परिजन को पूरी घटना बताई। बच्ची की बात सुनकर परिवार के लोग घबरा गए। परिजनों ने तत्काल महिला थाना लेकर पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। महिला थाना प्रभारी अरुणा वहाने ने बताया कि परिजन की शिकायत मिलते ही विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की और घेराबंदी कर घटना में शामिल बताए जा रहे सातों बच्चों को राउंडअप कर लिया।









































स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589